तापमान

अधिकतम 39.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025



14 जलशक्ति की टीम ने चेक डैम का किया मुआयना





14 सीईटी परीक्षा के लिए 13.50 लाख युवाओं ने किया पंजीकरण




## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज नशा तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी सोहन सिंह को गिरफ्तार किया है। 2 जून 2023 को सीआईए-शहजादपुर को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी होंडा सिटी कार में ग्राहकों को हेरोइन बेचने का कार्य करता है। सूचना के बाद पुलिस ने बरौली मोड सैन माजरा के पास नाकाबंदी कर एक होंडा सिटी कार को तलाशी के लिए रोका था। कार की तलाशी लेने पर उससे 35 ग्राम 20 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। आरोपी की पहचान चेतन दास वासी गांव बरौली के रूप में हुई थी। उसकी निशानदेही पर ही सोहन सिंह को काबू किया गया है।

### धोखाधड़ी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करके खाते से बड़ी रकम निकालने के मामले में सीआईए-1 ने सहारनपुर के रहने वाले आरोपी जगमोहन उर्फ छोटा, सोनू व संदीप कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। गांव डुलियानी के हरिराम ने शिकायत दी थी कि 7 जून को आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड धोखे से बदल कर उसके खाते से एक बड़ी रकम निकाल ली है।

### पेरलल नहर में गिरी कार, सवार की मौत



**समालखा।** गांव नामुंडा गांव के पास बुधवार की आधी रात नहर के अंदर असंतुलित होकर कार गिर गई। इसके बाद गांव से ग्रामीणों ने तीन- चार ट्रैक्टर ले जाकर कार को निकालने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिल पाई। वहीं जानकारी के बाद पुलिस ने हाइड्रा मशीन से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद कार को बाहर निकला। पुलिस द्वारा जब कार की तलाशी ली तो पिछली सीट से एक डेड बॉडी बरामद हुई। जिसकी पहचान पास लगते गांव ग्वालडा निवासी सुंदर के रूप में हुई है।

# शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में तीन शूटर्स गिरफ्तार

**एसटीएम को मिली सफलता**
हत्यारोपियों की धरपकड़ के लिए सात टीम कर रहीं काम

### यमुनानगर जेल में रची गई थी हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। शराब कारोबारी की हत्या के आरोप में पकड़े गए शूटर्स तथा उनका मेडिकल करवाने जाती जांच टीम। फोटो : हरिभूमि

■ शाहाबाद में गोली मारकर शांतनु की हुई थी हत्या

शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में वांटेड बदमाशों को स्पेशल टॉस्क फोर्स ने गिरफ्तार कर लिय है। कुछ दिन पहले ही इन बदमाशों ने कारोबारी को शाहाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

एसटीएफ अब बदमाशों से पूछताछ कर रही है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि बदमाशों ने शाहाबाद की मीना मार्केट के पास शराब कारोबारी शांतनु की हत्या योजनाबद्ध तरीके से की है। योजना के तहत बदमाशों ने गोली मारने के बाद किस ओर भागना है इसकी पूरी प्लानिंग बनाई थी ताकि वारदात के बाद कोई भी मौके पर पकड़ा न जाए।

#### ये तीन बदमाश पकड़े

एसटीएफ अंबाला और करनाल की टीम ने शराब कारोबारी शांतनु की हत्या में तीन मुख्य शूटरों को काबू किया है। इनमें करनाल के इंद्री स्थित गांव खानपुर का सुजल, बराड़ा के अकालगढ़ का बलजिंद्र सिंह उर्फ मंगू व शाहबाद के मोहल्ला खत्रवाडा का शुभम खुराना भी शामिल है। इस हत्याकांड के तार यमुनानगर जेल से जुड़े हुए हैं।

इसके लिए हिस्ट्रीशीटर राजन को पूछताछ के लिए तीन दिन के प्रोडक्शन रिमांड पर लाया गया है। एसटीएफ के डीएसपी अमन कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में पूरा मामला शराब के कारोबार में वर्चस्व को लेकर दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड की साजिश यमुनानगर जेल में रची गई थी। इसीलिए जेल से हिस्ट्रीशीटर जंधेड़ी के राजन को पूछताछ की जाएगी। उससे पता लगाया जाएगा जाएगा कि इस हत्याकांड का असल मास्टरमाइंड कौन है? जांच टीम ने वीरवार सुबह ही बदमाशों का अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में मेडिकल कराया गया। शांतनु का नाम प्रदेश के बड़े शराब कारोबारियों में आता था। कुरुक्षेत्र जिले में 28 में से 16 ठेके शांतनु ग्रुप को मिले थे। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी शांतनु का कारोबार फैला था। आरोप है कि झज्जर जिले के मातन गांव के रहने वाले शांतनु की रोमिल ने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की है।

#### 2 लाख का इनाम

पुलिस ने रोमिल का पोस्टर जारी कर उसकी सूचना देने वाले को 2 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। रोमिल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 7 टीमें काम कर रही हैं। अंबाला रेंज के आई पंकज कुमार नैन ने बताया कि जल्द ही सारे आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को अगवा कर किया दुष्कर्म

■ नाबालिग लड़की निकली एक माह की गर्भवती, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मेडिकल जांच में नाबालिग लड़की एक माह की गर्भवती निकली है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। थाना सदर जगाधरी क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसकी साढ़े सत्रह वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई।

उन्होंने उसकी काफी तलाश की तो पता चला कि उसकी बेटी को अंबाला निवासी अली कहीं अगवा करके ले गया है। पुलिस ने उस समय आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पुलिस ने पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी युवक अली को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिक लड़की की पुलिस ने मेडिकल जांच करवाई तो वह एक माह की गर्भवती निकली।

#### मामले में जांच जारी

थाना सदर जगाधरी प्रभारी तरसेम सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अली को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है।

### रिजॉर्ट मालिक गिरफ्तार, जेल भेजा

**अंबाला।** अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर स्थित आम्रपाली रिसॉर्ट के मालिक रोहित जैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। होटल में ही काम करने वाली महिला ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जैन को काबू कर लिया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। महिला कर्मचारी ने कहा कि होटल मालिक ने केबिन में बुलाकर मेरा हाथ पकड़ा। गले लगाने को कहा। पुलिस ने होटल मालिक पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (2) के तहत केस दर्ज किया था। हालांकि होटल मालिक ने आरोपों को गलत करार देते हुए कहा कि महिला कर्मचारी ने ड्यूटी नहीं की, छुट्टी पर रही, इसके बाद भी सैलरी मांगती रही।

# सूरजमुखी की फसल के तौल में पाई गई गड़बड़ी

■ मार्केट कमेटी ने हैफेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल की तुलाई में हुई अनियमितताओं को लेकर मार्केट कमेटी ने हैफेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बता दें कि इस साल पिछले कई सालों के बाद अंबाला शहर अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल की सरकारी खरीद के लिए सेंटर बनाया गया था। इससे अंबाला शहर के साथ लगते किसानों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन जैसे ही किसानों को पता चला कि उनके साथ नापतौल में गड़बड़ हो गई। इससे किसानों को निराशा लगी। इतना ही नहीं सरकारी तंत्र की नापतौल से भी भरोसा उठ गया। सूरजमुखी के 40 थैलों में तय वजन यानि 28.600 किलोग्राम से कम या ज्यादा होने को लेकर एक कमेटी बनाई गई थी। जिसकी जांच में मामले से दूध का दूध पानी का पानी नहीं हो सका। इस समय जांच कमेटी पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं कि यदि किसानों और हैफेड के कांटों की तौलाई में अंतर पाया गया था। किसानों की ओर से साफ किया जा चुका है कि गड़बड़झाला करने वालों की जांच करवाकर ही छोड़ा जाएगा ताकि आने वाले समय में किसानों की जेब पर डाका ना डाला जा सके।

### दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव तलाकौर के नजदीक दो बाइकों की भिडंत में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव जोगी माजरा निवासी अमित कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 20 वर्षीय गौरव अंसल अपनी बाइक से किसी काम से गया था। रात साढ़े आठ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव तलाकौर के पास गौतम नगर तलाकौर निवासी चंद्रपाल ने तेज गति से बाइक चलाकर गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

# कुवि में प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विभिन्न यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा-2025 के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 23 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाली एमए अर्थशास्त्र तथा बिजनेस इकोनोमिक्स की प्रवेश परीक्षा 23 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में, एमसीए की परीक्षा 23 जून को दोपहर 12.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्यूनिटी सेंटर तथा 23 जून को 12.30 बजे यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित होगी। एमबीए (बजटिड/ एसएफएस) की प्रवेश परीक्षा 23 जून को दोपहर 3.30 बजे आर्टस फैकल्टी बिल्डिंग तथा कामर्स विभाग में आयोजित होगी। एमबीए एसएफएस के बचे हुए कैंडिडेट की प्रवेश परीक्षा 23 जून को दोपहर 3.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में आयोजित की जाएगी। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा 24 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में, एमएससी भूगोल की प्रवेश परीक्षा 24 जून को दोपहर 12.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में, एमएससी केमिस्ट्री एंड विद स्पेशलाइजेशन इन फार्मा के लिए प्रवेश परीक्षा 24 जून को दोपहर 3.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्युनिटी सेंटर में आयोजित की जाएगी। एमएससी फोरेंसिक साइंस की प्रवेश परीक्षा 25 जून को प्रातः 10 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस में आयोजित होगी। एमएससी गणित के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 12.30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ तथा विधि विभाग में आयोजित की जाएगी। एमएससी जूलॉजी की प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 12.30 बजे यूनिवर्सिटी कम्यूनिटी सेंटर में तथा एमएससी फिजिक्स के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर 3.30 बजे यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित की जाएगी।

#### कुवि में दाखिले के लिए अंतिम तिथि आज

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में वर्ष 2025-26 में यूटीडी के यूजी और पीजी कार्यक्रमों (प्रवेश आधारित) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है। इच्छुक आवेदक यूटीडी के यूजी और पीजी कार्यक्रमों (प्रवेश आधारित) में दाखिले के लिए 20 जून, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूजी एवं इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स बीबीए आनर्स, एमबीए पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम, बीएफए, बीएएलबी आनर्स पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम में आवेदक 20 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। आवेदक एमए, एमएससी, एमकॉम, एमलिब, एमएचएम एंड सीटी, एमटीटीएम, एमबीए, बीएड स्पेशल एजुकेशन, एमएड स्पेशल एजुकेशन, एमपीएड, बीपीएड, एलएलबी प्रोफेशनल, एमएफए, एलएलएम, एमफार्मेसी व एमसीए प्रोग्राम्स में 20 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं।

# युवक से ठगे 9.25 लाख

■ अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने ट्रेडिंग के नाम पर शेयर मार्किट में प्रोफिट कमाने का झांसा देकर गांव फतेहपुर निवासी विकास कुमार से नौ लाख 25 हजार रुपये ठग लिए।

जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव फतेहपुर निवासी विकास ने बताया कि गत दो अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वहां एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया।

वहां शेयर मार्किट के संबंधित बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग कर शेयर मार्किट में अधिक प्रोफिट कमा सकते हैं। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने अलग-अलग करके उसके पास से शेयर मार्किट में नौ लाख 25 हजार रुपये इनवेस्टमेंट करवा दिए। मगर उसे प्रोफिट के पैसे नहीं मिले। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पूर्णकालिक (वैध नेट गेट/जीपैट पर) और प्रवेश परीक्षा (फामेर्सी/मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/ होटल मैनेजमेंट आदि में) और अंशकालिक (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के दूसरे दौर के लिए आवेदन पत्र पात्र उम्मीदवारों से आमंत्रित किए गए हैं। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 20 जून से 30 जून तक ऑनलाइन जमा किया जाना है।

# दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

■ कॉलोनी की कच्ची सड़कों व 8 डीपीसी पर कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि करनाल में 2 अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि एक अवैध कॉलोनी गांव पुन्डरक में स्थित है, जो कि लगभग 5 एकड़ में फैली है। इस कॉलोनी की सभी कच्ची सडक़ो एवं 8 डी.पी.सी. के विरुद्ध तोड़फोड की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दूसरी कॉलोनी पाल नगर के पास मेहता फार्म के सामने स्थित है, जो लगभग 1.5 एकड़ में फैली हुई है। जिसमें सभी कच्ची सडक़ो, सीवर नैटवर्क एवं 2 निर्माणधीन मकान के विरूद्ध तोडफोड की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।

जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर डाली

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने युवती का चुपके से अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल की दिया। युवती ने जब सोशल मीडिया पर अपनी अश्लील वीडियो देखी तो उसने आरोपी युवक से बात की।

मगर आरोपी युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी अहसान नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी युवक ने चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपी उस पर गलत काम करने का दबाव बनाने लगा। जब उसने आरोपी को मना किया तो आरोपी ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

**सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष ने सिंचाई अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सरस्वती का पानी रोकने वालों पर होगी कार्रवाई

■ लोगों को सरस्वती की सफाई के महत्व के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती का पानी रोकने और नदी में गंदगी डालेगा वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। वो जल्द ही सरस्वती में साफ पानी का परवाह करवाने जा रहे हैं।

इस कार्य में शहरवासियों से अपेक्षा है कि वो भी सफाई का ध्यान रखें साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए 24 घंटे सतर्क रहने को कहा हैं। उन्होंने कहा कि अब किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस भी व्यक्ति या अधिकारी ने सरस्वती के कार्य में कोताही की उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने नरकतारी क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस क्षेत्र के लोगों ने कई अवरोध बनाए हुए थे। कॉलोनी के लोगों के साथ उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने बातचीत करते हुए उनका सरस्वती के महत्व के बारे में समझाया। इसके बाद लोगों ने खुद ही अपने अवरोध को खोल दिया। उन्होंने कॉलोनी वासियों से अपील की कि वो आगे से ऐसा ना करें और दूसरों को भी अवरोध डालने वालों को रोकें। उन्होंने कहा कि अब सरस्वती के साथ चलने वाले गंदे पानी की डैन और लगभग सारा पानी डाइवर्ट हो गया है। जिस भी कॉलोनी व क्षेत्र का पानी गंदा था, वह सरस्वती की बजाए ड्रेन में गंदे पानी को डालें। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड विभाग ने लगभग सारे प्वाइंट बंद कर दिए हैं। फिर भी यदि कोई प्वाइंट बचता है तो इसकी जानकारी सरस्वती बोर्ड को दी जाए, ताकि सरस्वती नदी में साफ पानी चलता रहे।

#### समिति होगी गठित

सरस्वती सेवा किया जाएगा उन्होंने कहा कि गंदे नाले में केवल गंदा पानी ही चले। सभी कालोनीवासी भी इस पवित्र कार्य में अपना-अपना सहयोग दें। इसके लिए हर कॉलोनी में एक सरस्वती सेवा समिति का गठन किया जाएगा। ऐसा होने पर लोगों में जागरूकता पैदा होगी और सरस्वती का सुधार आसानी से हो पाएगा। उनके साथ नरकातारी के सरपंच मास्टर केहर सिंह भी मौजूद रहे।

# झींडा गुरुद्वारों की देखभाल करें आपातकाल की बरसी न मनाएं

■ झींडा को काला दिवस मनाने के लिए नहीं बनाया गया अध्यक्ष : जोगा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जोगा सिंह

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य और पिछले 21 वर्षों से हरियाणा की अलग कमेटी बनाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे जोगा सिंह ने कहा है कि कहा कि हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और इसलिए बेतुकी बातें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर अलग कमेटी के लिए लड़ाई लड़ी थी और झींडा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था ताकि वह हरियाणा के गुरुद्वारों की सही तरीके से देखभाल कर सकें, लेकिन इसके बजाय वह बकवास करते नजर आ रहे हैं। जैसा कि उन्होंने कल कहा था, हम सरकार द्वारा 1971 के संविधान को थोपे जाने के खिलाफ हैं। हम आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुद्वारों की देखभाल के लिए हरियाणा कमेटी का गठन किया गया है। हमें हरियाणा के गुरुद्वारों की देखभाल करनी चाहिए और श्रद्धालुओं की उम्मीदों के मुताबिक काम करना चाहिए या फिर काला दिवस मनाना चाहिए। उन्होंने जगदीश सिंह झिंडा से सवाल किया कि आपातकाल को कितने साल हो गए हैं, क्या झिंडा ने पहले भी आपातकाल को लेकर कोई काला दिवस मनाया है? उन्होंने कहा कि आपातकाल के बाद कई सरकारें आईं और चली गईं। गया, झींडा को अब आपातकाल क्यों याद आ रहा है, जिसका अब कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**यमुनानगर।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार एवं वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता करेंगे। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक शुक्रवार को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार कमरा नंबर 203 में होगी। उन्होंने जिला के सभी विभागाध्यक्ष व जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्यों को बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने अनुरोध किया है।

## अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए वन ने गांव रटौली के पास से एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिपही रवि कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ रटौली क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव रटौली के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान वंश राज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जनता व प्रशासन के बीच सीधा संवाद बनाना समाधान शिविरों का उद्देश्य: गुप्ता

# सुबह 10 से 12 बजे तक सचिवालय में लगा जनता दरबार, 13 शिकायतें आईं

**जिले में सप्ताह में दो दिन सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर, सीटीएम ने सुनी शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता।



**यमुनानगर।** छछरौली क्षेत्र में बाढ़ राहत के कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसके लिए सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को जिलास्तर पर और उपमंडल स्तर पर समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

### शिविर में आईं 13 शिकायतें

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें ऊषा कॉलोनी निवासी जसविंदर कौर व यमुनानगर निवासी अर्जुन दास ने प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे समस्या रखी। जम्मू कॉलोनी निवासी संतोष रानी, पांसरा निवासी सतीश कुमार, भगवानपुर निवासी बलविंदर सिंह व छौली निवासी मलकीत कौर ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समस्याएं रखी। उन्होंने बताया कि गांव तारनवाला निवासी गौरव कुमार ने जमीन तकसीम करवाने बारे, मानकपुर निवासी धर्मदेव ने सड़क पर रोलिंग लगवाने बारे समस्या रखी। गांव ठसका खादर निवासी लक्ष्मीचंद ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने बारे समस्या रखी। वहीं, शादीपुर निवासी मुर्शीदा ने राशन कार्ड बनवाने बारे समस्या रखी। जबकि विकास नगर निवासी दिव्या ने रजिस्ट्री ठीक करवाने बारे समस्या रखी। मुकारमपुर निवासी नायब कौर ने विधवा पेंशन लगवाने बारे समस्या रखी और दो सौ क्वार्टर कॉलोनी निवासियों ने कॉलोनी में साफ सफाई करवाने की मांग रखी। मौके पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, डीएसपी कंवलजीत सिंह मौजूद रहे।

### बरसाती नदियों पर समय रहते पूरा करें सभी बाढ़ बचाव कार्य: गुप्ता

**यमुनानगर।** जिला में बरसाती नदियों पर चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का वीरवार को जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बाढ़ राहत के कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवार को खंड छछरौली के गांव अराइयांवाला, नागलपट्टी व लेदा खादर, कोटड़ा काहान सिंह में बोली नदी व बरसाती नदियों पर चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय जिन गांवों में पानी भर जाता है उन गांवों में पानी की निकासी का बरसात होने से पहले उचित प्रबंध करें। सभी बाढ बचाव कार्यों में तेजी लाएं व डीएलसी कमेटी से निरीक्षण करवाकर सभी कार्य 30 जून से पहले पूर्ण करवाएं। ताकि बरसात के सीजन में किसी भी प्रकार की कोई जान माल की हानि न हो सके। मौके पर सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता आरएस मित्तल ने बताया कि मौके पर पत्थर की सप्लाई का कार्य पूरा हो चुका है। सभी बाढ़ बचाव कार्य प्रगति पर हैं।

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल, जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, तहसीलदार सुदेश मेहरा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान, पटवारी रामफल, मनोज कुमार व अब्दुल मन्नान आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम की टीम ने डोर टू डोर अभियान चलाकर दुकानदारों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



**यमुनानगर।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम यमुनानगर की टीम ने वीरवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर डोर टू डोर स्वच्छता अभियान चलाकर दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। टीम का स्नेह सेवा ट्रस्ट संस्था के सदस्यों ने भी सहयोग किया। नगर निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल, स्नेह सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सेन व निगम के सफाई निरीक्षक सबसे पहले शहर के रेलवे मार्ग पर पर पहुंचे। टीम ने शहीद भगत सिंह चौक से महावीर चौक तक दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। फिर महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक डोर टू डोर दुकानों पर जाकर दुकानदारों को जागरूक किया। दुकानदारों को अपने आसपास सफाई रखने, सूखे व गीले कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया। निगम की टीम व संस्था के पदाधिकारियों ने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों को खुले में कचरा न डालने, सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को देने व प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया गया। आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल ने दुकानदारों को समझाया कि अपने आसपास साफ सफाई रखने से जहां वातावरण स्वच्छ रहेगा, वहीं, बीमारियां पनपने की आशंका नहीं रहेगी। उन्होंने दुकानदारों को गीला व सूखा कचरा और कूड़ा कर्कट डस्टबिन में डालने के लिए आहवान किया।

## निगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के 2927 पात्रों को मिलेंगे प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार की किरायेदारों व बेघरों को घर देने के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के तहत दूसरे चरण में नगर निगम क्षेत्र के 2927 पात्रों को प्लॉट दिए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने हाउसिंग फॉल आल विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने वीरवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों के जिन बीपीएल परिवारों के पास अपना आवास नहीं है।उन्हें पक्का मकान बनाने को प्लॉट व फ्लैट लेने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी शुरू की हुई है। योजना के प्लॉट लेने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग पोर्टल पर 13 सितंबर 2023 को रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए थे। नगर निगम एरिया के 10903 लोगों ने योजना के तहत प्लाट लेने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इनमें से प्रथम चरण में 3139 पात्रों की सूची जारी हुई थी। जिन्होंने हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के पोर्टल पर 15 फरवरी 2024 तक प्लाट के लिए बुकिंग कराई थी। जून 2024 में इन पात्रों को जगाधरी अनाज मंडी में कार्यक्रम आयोजित कर प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर अर्थात अंतिम आवंटन पत्र दिए गए थे। बाद में ड्रॉ के माध्यम से इन्हें जगाधरी के भटौली व जय सिटी के पास स्थित सेक्टर 22, 23, 24 व 26 में लगभग 30 वर्ग गज के प्लाट आवंटित किए गए थे। सितंबर 2023 में प्लॉट के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले आवेदकों में से अब सरकार द्वारा 2927 पात्रों की सूची जारी की है।

सभी पात्रों को उनके मोबाइल पर संदेश भेजे जाएंगे। पात्र सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल विभाग पोर्टल पर प्लाट के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है। जो पात्र बुकिंग करने में असमर्थ हैं वह कन्हैया साहिब चौक स्थित नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 15 में संपर्क कर सूची में अपना नाम देखकर बुकिंग करा सकता है। प्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। पात्रों को निर्धारित तिथि से पहले प्लाट की बुकिंग करवानी होगी। जिसके बाद ड्रॉ से पात्रों को निगम क्षेत्र में प्लाट आवंटित किए जाएंगे।

### योजना में घुमंतू जाति को मिलेगी प्राथमिकता



अखिल पिलानी।

उन्होंने ने बताया कि योजना में लाभार्थियों को कैटेगरी वाइज प्लॉट दिए जाएंगे। सबसे पहले घुमंतू जाति एससी, बीसी व जनरल को रखा गया है। प्लॉट बुक करने के लिए पात्र को दस हजार रुपये ऑनलाइन जमा कराने होंगे। बाद में किश्तों में रुपये देकर प्लाट के मालिक बन सकते हैं।

## अपने पशुओं को बिजली के खंभों से न बांधे पशुपालक

**रादौर।** बिजली निगम रादौर के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपने पशुओं को बिजली के खंभों से न बांधने का आह्वान किया है। बिजली निगम रादौर के सतपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में मानसून आने वाला है। बरसात के दिनों में बिजली के खंभों में करंट आ जाता है। जिससे पशुओं व लोगों को करंट लगने का खतरा हो जाता है। ग्रामीण गांव व शहरों में अपने पशुओं को बिजली के खंभों से न बांधे। आने वाले बरसात के दिनों में बिजली के खंभों में करंट आ सकता है। जिससे उनके पशुओं की करंट लगने से जान भी जा सकती है। जिसके लिए बिजली निगम जिम्मेवार नहीं होगा।

- बिजली निगम के अधिकारियों ने पशुपालकों से की अपील।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गांव में देखने को मिल रहा है कि ग्रामीण पशुओं को खूंटों पर बांधने की बजाय लापरवाही से काम लेते हुए उन्हें बिजली निगम के खंभों से बांध देते हैं। खंभों में कभी भी करंट आ सकता है। इससे पशुओं की करंट लगकर मौत हो सकती है। निगम के कर्मचारियों द्वारा बार बार अपील करने के बावजूद बहुत से लोग खंभों पर पशु बांधकर पशुओं के जीवन को खतरा पहुंचा रहे हैं। ऐसे में पशु की मौत होने पर पशुपालक बिजली निगम को जिम्मेवार ठहराता है। जबकि इसमें बिजली निगम का कोई दोष नहीं होता। उनकी अपील है कि कोई भी अपने पशुओं को बिजली के खंभों से न बांधे।

## पेस्टीसाइड की दुकान की दीवार तोड़कर खाद के 50 बैग चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव नत्थनपुर स्थित शर्मा पेस्टीसाइड की दुकान की दीवार तोड़कर चोरों ने सुपर व पोटाश खाद के 50 बैग चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रामपुर खादर निवासी गौरव शर्मा ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव नत्थनपुर बस अड्डे के पास शर्मा पेस्टीसाइड के नाम से दुकान है। वह 17 जून को देर शाम दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा और शटर खोला तो अंदर से खाद के बैग कम मिले। जांच करने पर दुकान की दीवार में सेंधमारी की गई थी। दुकान से सुपर और पोटाश खाद के 50 बैग गायब मिले। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।




### करियाने की दुकान का ताला तोड़कर ड्राईफ्रूट व सामान चोरी

शहर के ईस्ट भाटिया नगर निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शास्त्री कॉलोनी गली नंबर 10 में करियाने की दुकान है। चोरों ने रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर 35 किलो ड्राईफूरट, देशी घी के डिब्बे, बिडियों के बंडल व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** रादौर में जानकारी देते प्रधान संदीप सैनी व अन्य।

### प्रदेश को योग युक्त व नशा मुक्त बनाने का काम कर रहे हैं सीएम

**रादौर।** सैनी समाज रादौर की ओर से वीरवार को संदीप सैनी के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को योग युक्त और नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। संदीप सैनी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को योग के साथ जोड़कर नशा से मुक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार युवाओं को नशा के खिलाफ जागरूकता चला रहे हैं। हाल ही में साइक्लोथॉन प्रदेशभर में निकाली गई है। इसके बाद अब योग के माध्यम से नशा छोड़कर स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। योगा दिवस पर सभी समाज के लोग ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। क्योंकि योग मनुष्य के जीवन को स्वस्थ व चुस्त बनाता हैं। मौके पर विनोद सैनी, एडवोकेट नितिन सैनी, संदीप सैनी व जगन चौहान आदि मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में रादौर से शामिल होंगे सैकड़ों लोग

- लोगों को लेकर जाने के लिए नि:शुल्क बसों की हुई व्यवस्था, 21 जून को कुरूक्षेत्र में होगा आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश सहित रादौर से भी सैंकड़ों लोग भाग लेंगे।

पतंजलि योग समिति रादौर के तहसील प्रभारी व हरियाणा योग आयोग के जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित कांबोज, जगमाल सिंह रतनगढ़ व गुरदयाल सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार ग्यारहवां राज्य स्तरीय अंतरराष्टीय योग दिवस कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर मनाया जा रहा है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं योग गुरु स्वामी रामदेव सभी योग साधकों को योग की क्रियाओं का अभ्यास करवाएंगे। भव्य कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग एक लाख लोगों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले से भी हजारों लोग शामिल होंगे। जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र से योग साधकों को लेकर जाने व कार्यक्रम के बाद वापिस लेकर आने के लिए बसों की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी गांवों व शहरों में बस के प्रभारी व सह प्रभारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर शामिल होकर विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बनें।



रादौर जानकारी देते पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित कांबोज व अन्य।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई: नरेंद्र

- इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई रादौर थाने पीस कमेटी के सदस्यों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर थाना में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए आश्वासन देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा।

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा रादौर के थाना परिसर में पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रादौर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने की।

उन्होंने ने सबसे पहले पीस कमेटी के सदस्यों से इलाके में अपराधों पर अंकुश लगाने, नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने समेत सुरक्षा व्यस्था और शांति बनाए रखने के लिए चर्चा की। बैठक में समाजसेवी अमित कांबोज समेत समिति के अन्य सदस्यों ने नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने व नशा तस्करों की जमानत देने वाले लोगों के नाम सार्वजनिक करने की मांग की। जिस पर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि कस्बा में बिना नंबर की मोटरसाइकिलों, चेहरा ढक कर वाहन चलाने वाले लोगों, मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने वाले वाहन चालको समेत असमाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कस्बे के दोनो पार्को में सुबह शाम पुलिस द्वारा गश्त की जाएगी। रादौर के मेन बाजार में भारी वाहनों से लगने वाले जाम को लेकर पुलिस कार्रवाई करेगी। इस मौके पर त्रिलोचन सिंह टोची, सचिन गुप्ता, मंगत राम बठला, धर्म सिंह पिंकी, गुरदयाल सिंह सैनी, मोनू एमसी, संदीप सैनी, भगवतदयाल कटारिया एमसी, अशोक गुंबर, वेद प्रकाश कांबोज, गुरदयाल सैनी व पवन वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### एडीसी ने जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक में दिए निर्देश

# युवा स्वावलंबी बनें, बैंकर्स संवेदनशीलता से दें ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर






**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैंकों की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते एडीसी नवीन आहूजा व भाग लेते हुए बैंको को प्रतिनिधि।

केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग देने को लेकर जिला सचिवालय में जिले के सभी बैंको की जिलास्तरीय समीक्षा एवं जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने बैंक अधिकारियों को युवाओं को रोजगार तथा स्वावलंबी बनाने के लिए संवेदनशील होकर ऋण वितरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में एजेंडे में रखे बिन्दुओं बारे संबंधित बैंक अधिकारियों से बिंदु वाइज समीक्षा की। मौके पर उन्होंने बैंक अधिकारियों को लंबित कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों का केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ योग्य व्यक्ति को प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होता है। बैठक के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वनिधि योजना, स्टैंड अप इंडिया स्कीम समेत अन्य योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा जो कार्य लंबित हैं। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंक योजनाओं के संबंध में जो भी दस्तावेज अथवा योग्यता है। उस बारे में चेकलिस्ट अपनी शाखाओं में चस्पा करवाएं। ताकि लोगों को आवेदन करने में आसानी हो। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं । उसका लाभ जल्द से जल्द लोगों को दें। सभी बैंक यह भी सुनिश्चित कर लें कि इन सभी योजनाओं का लाभ एक समय सीमा में सभी सही पात्र लोगों को दें। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने मौके पर एलडीएम प्रवीण अजमानी को जिन बैंको को प्रतिनिधित बैठक में शामिल नहीं हुए हैं उन्हें भविष्य में बैंकों की आयोजित होने वाली बैठक में सम्मिलित होने के लिए निर्देश देने के आदेश दिए। इस अवसर पर आरबीआई से मनजीत, नाबार्ड से रितु वर्मा व डिप्टी मैनेजर एसएन जौहर आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कल पहुंचेंगें लाखों योग साधक

# योग साधकों के लिए थीम पार्क और अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में रहेगी पार्किंग

*आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ी : उपायुक्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

21 जून 2025 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में लाखों योग साधक पहुंचेंगें। इसको मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा को देखते हुए योग दिवस पर आने वाले वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि 21 जून को ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में आने वाले वाहन चालकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनाज मंडी कुरुक्षेत्र, केशव पार्क, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पार्किंग निर्धारित की गई है। योग दिवस पर पार्किंग व्यवस्था इस प्रकार है। चंडीगढ़, पंचकूला, अम्बाला, शाहबाद, यमुनानगर की तरफ से आने वाले वाहन सैक्टर-2/3 कट से केडीबी रोड से होते हुए बीआर इंटरनेशनल चौंक से अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में पार्क होंगे जहां से यात्री पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचंगे। दिल्ली. करनाल, पानीपत की तरफ से आने वाले वाहन उमरी चौंक से उमरी रोड, केडीबी रोड से होते हुए बीआर इंटरनैशनल चौंक से अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में पार्क होंगे जहां से यात्री पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचंगे। हसार, कैथल,


कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में योग की रिहर्सल करते कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान व अन्य।

जींद, पेहवा की तरफ से आने वाले वाहन थर्ड गेट से होते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सैकिंड गेट से विश्वविद्यालय में प्रवेश करके यूनिवर्सिटी कॉलेज के सामने पार्किंग, आडिटोरियम पार्किंग और पुराने लॉ कॉलेज की पार्किंग में वाहन खड़ा करके यूनिवर्सिटी के छोटे गेट से पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचंगे।

### कार्यक्रम में आने वाली स्कूली बसों के लिए पार्किंग

अम्बाला, शाहबाद, लाडवा, एनएच-44 से आने वाली स्कूली बसें सैक्टर-2/3 कट से केडीबी रोड से होते हुए बीआर इंटरनेशनल चौंक से दाहिने की तरफ मुड़कर, सिंगला राइस मिल, महाबीर राइस, ज्ञान राइस मिल तथा एमजी राइस मिल में बसें पार्क करके बच्चे पैदल मेला ग्राउंड ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचंगे। पेहवा, जींद, कैथल, ढांड की तरफ आने वाली स्कूली बसें थर्ड गेट से होते हुए थीम पार्क (केशव पार्क) में बसें पार्क करके बच्चे पैदल मेला ग्राउंड ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचंगे। इसके साथ ही योग कार्यक्रम में ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों के लिए सेक्टर-17 में पार्किंग बनाई गई है। योग दिवस कार्यक्रम में आने वाले साधकों से अपील है कि अपने वाहनों को सड़को पर ना खड़ा करें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। नाकों और पार्किंग स्थल पर तैनात यातायात पुलिस द्वारा दिए गये निदेर्शों की पालना करके प्रशासन का सहयोग करें।

### योग साधक विश्व रिकॉर्ड बनाने को तैयार : नेहा सिंह



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इसके लिए सभी तैयार हैं। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि आज हमारे योग और पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानने की दुनिया भर में जिज्ञासा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है, इसको प्रदेश में आगे बढ़ाते हुए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के एक हजार उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों को 12 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण तदर्थ योग के प्रभाव का आकलन योग समावेश के तहत किया जा रहा है। नशा पीड़ितों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर कार्यालय के समय अधिकारियों व सभी कर्मचारियों के लिए 5 मिनट का योगा ब्रेक निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों के लिए सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग प्रशिक्षण के शिविर चल रहे हैं।

### सुबह 5 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग करने वाले सभी 5 बजे से पहले अपनी सीट पर बैठ जाएंगे। करीब 5 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव मंच पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद संबंधित, योग, प्राणायाम किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश को संदेश होगा। करीब 7:30 बजे कार्यक्रम का समाधान होगा।

### कंट्रोल रूम में दे सकते हैं प्रशासन को सूचना

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है। राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम से संबंध में नागरिक किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 01744-221035 पर दे सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रम की सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।

### *श्रीकृष्ण आयुष विवि में की महोत्सव की रिहर्सल*

*श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में गुरुवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 के मुख्य कार्यक्रम को लेकर प्रोटोकॉल योग की रिहर्सल की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान,कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर समेत सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, अधिकारी और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। रिहर्सल के दौरान योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने योग प्रोटोकॉल के सभी चरणों का अनुशासित ढंग से अभ्यास किया गया।*

## राज्यस्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे भद्रकाली शक्तिपीठ के सदस्य

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र से 700 से अधिक भक्तजन और सेवक पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ भाग लेंगे। इस योग महोत्सव में शक्तिपीठ के सेवक जहां एक ओर योगाभ्यास करेंगे, वहीं दूसरी ओर अपने निश्चित स्थान व ब्लॉक में सेवा, अनुशासन, स्वच्छता एवं व्यवस्था में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। भद्रकाली शक्तिपीठ को ब्रह्मसरोवर पर श्रीसर्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण का स्थान योग अभ्यास के लिए दिया गया। दुर्गा सप्तशती व गीता में श्लोकों की संख्या 700 होने के कारण ही भद्रकाली शक्तिपीठ द्वारा योगाभ्यास के लिए अपने 700 सदस्यों की संख्या निश्चित की गई।



## 10 हरियाणा बटालियन के 350 एनसीसी कैडेट्स ने किया योगा का अभ्यास

**कुरुक्षेत्र।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 10 हरियाणा बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देश पर कुरुक्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 350 एन.सी.सी कैडेट्स ने मेजर श्रवण कुमार के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के कुन्ती घाट के पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर एन.सी.सी. अधिकारी बिन्दू शर्मा, जयदीप मेहता, राजेन्द्र कुमार, अंजू सैनी, सूबेदार दिलवार खान, हवलदार प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। मेजर श्रवण कुमार ने बताया कि एन.सी.सी. महानिदेशालय नई दिल्ली के आदेश पर इस वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में पूरे भारतवर्ष से एन.सी.सी. कैडेट्स भाग ले रहे हैं।



## योग कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल की

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर पायलट रिहर्सल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग, पतंजलि योगपीठ, भारतीय योग आयोग, अन्य संस्थान और शहरवासियों ने प्रोटोकॉल योग की रिहर्सल की। रिहर्सल के समापन पर औषधीय पौधे वितरित किए गए। अहम पहलू यह है कि आयोजन से विभिन्न पहलुओं जैसे कि मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, यातायात व्यवस्था, सीटिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जा सकी है।



## महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा आयुष विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी योग के साथ जोडना चाहते हैं। इसलिए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में जहां एक लाख लोगों के साथ राज्य स्तरीय योग दिवस मनाया जाएगा, वहीं प्रदेश के सभी जिलों में कुल 11 लाख से ज्यादा लोग योग करेंगे। महानिदेशक संजीव वर्मा वीरवार को केडीबी कार्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले महानिदेशक संजीव वर्मा ने राज्य स्तरीय योग दिवस पर एक लाख लोगों को लाने-लेजाने, किस-किस संस्था से कितने-कितने लोग पहुंचेंगे, उनके साधनों की व्यवस्था पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, और हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य से चर्चा की और अधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने आयुष विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि 21 जून को सुबह 4 बजे योग के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।


कुरुक्षेत्र। समीक्षा बैठक में मौजूद हरियाणा आयुष विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा व अन्य। 19केयूके14

## योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला : कैप्टन गुरमेल

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम, सेक्टर-3 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैप्टन गुरमेल सिंह, केवल कृष्ण और अरविंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक परमिंदर सिंह बाठ, डायरेक्टर चेस्टा सलूजा, मुख्याध्यापिका सुनीता अरोड़ा, चीफ लर्निंग ऑफिसर ज्योति खनेजा तथा सभी शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे। विशेष रूप से शिक्षिकाओं जया और दलजीत द्वारा बच्चों के लिए स्टोरी योगा - चंदा मामा गतिविधि करवाई गई, जिसमें योग को कहानी के माध्यम से रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने सरल योग मुद्राओं का अभ्यास करते हुए आनंद लिया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह बाठ ने सभी से आग्रह किया कि वे 21 जून को ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में आयोजित योग महाकुंभ में अवश्य भाग लें। उन्होंने विशेष रूप से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने की अपील की। मुख्य अतिथि कैप्टन गुरमेल सिंह, केवल कृष्ण और अरविंद ने अपने संदेश में कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।



### खबर संक्षेप



### बाल विवाह रोकने को लेकर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की माननीय सीजेऐम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा नालसा आशा स्कीम 2025 के बारे में जागरूकता शिविर लगाया गया। इसके तहत रिसोर्स पर्सन सविता राणा द्वारा गांव दबखेड़ी में बाल विवाह पर जागरूक किया गया।

### नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला ड्रग कंट्रोल अथोरिटी के साथ मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके तहत दीदार नगर में वीरवार को कैंपेन चलाया गया।

### 29 को गुदगुदी जंक्शन का संगीतमयी कार्यक्रम

**थानेसर।** सोशल ऑगेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम /"आती रहेंगी बहारें/" 29 जून को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट सचिन गुप्ता के सेक्टर 5 स्थित प्रतिष्ठान पर गुरुवार को समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई।

## समस्याओं को लेकर वर्कर यूनियन ने एसडीओ के खिलाफ की गेट मीटिंग

- अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान शहरी मुकेश गोस्वामी और संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बिजली विभाग से संबंधित आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कर्मचारियों की समस्याओं के लिए उपमंडल अधिकारी शहरी के खिलाफ गेट मीटिंग उपमंडल कार्यालय पर की। अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान शहरी मुकेश गोस्वामी और संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। यूनिट सचिव गुरुचरण संधू ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि कई बार हमारी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मौखिक तौर पर उप मंडल अधिकारी के साथ मीटिंग हुई जिसमें उपमंडल अधिकारी बलवान ने आश्वासन दिया था कि आपकी सभी कर मांगों पर विचार किया जाएगा लेकिन आज तक कोई भी मांग का समाधान नहीं हुआ यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को बताया था कि जो एलडीसी बिंदु का तबादला पिहोवा में हुआ है उसको लेजर का ज्ञान नहीं है। कभी उसने इस सीट पर कार्य नहीं किया हमने कहा कि उसको कहीं हो सीट का कार्य दिया जाए लेकिन एसडीओ ने मीटिंग के अगले दिन ही एलडीसी बिंदु के ऑर्डर लेजर पर कर दिए। इसके लिए यूनियन यूनियन ने लिखित और मौखिक तौर पर अपना रोष उपमंडल अधिकारी को प्रकट किया जिसमें मुख्य मांगे इस प्रकार है एलडीसी बिंदु को लेजर सेट की जगह अन्य सीट पर लगाया जाए , बाखली सब स्टेशन पर प्रमोद को लगाया जाए ,सभी टेक्निकल कर्मचारियों को ऑफिस से बाहर निकाल कर फील्ड में लगाया जाए ,सभी कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित टूल किट दी जाए आदि मांगे शामिल है।


पिहोवा। धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी।


कुरुक्षेत्र। नारेबाजी करते बैंक अधिकारी।

### पीएसबी के सर्कल पर अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोशिएशन आह्वान पर पंजाब नेशनल बैंक के चंडीगढ़ जोन के सभी सर्कलों में सर्कल ऑफिसों के सामने जोनल मैनेजर को 26 मई को लिखित में सौपी गई अपनी 18 सूत्रीय मांगे न माने जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में सर्कल ऑफिस, कुरुक्षेत्र के सामने बैंक अधिकारियों ने कार्यालय समय के बाद बैंक मैनेजमेंट की तानाशाही व दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना, प्रदर्शन व नारेबाजी की गई। ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोशिएशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी व कुरुक्षेत्र के सर्कल सेक्रेटरी राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का यह प्रदर्शन विभिन्न मांगों यथा-चंडीगढ़ जोन में मैनेजमेंट द्वारा कई सर्कलों में स्वीकृत मैनपावर से बहुत कम वर्किंग स्टाफ का दिया जाना, अधिकारियों को अनाधिकृत रूप से/गलत मंशा से ट्रान्सफर करना, अधिकारियों को देर रात तक डे एंड पर अनाधिकृत चैक लगा कर शाखाओं/कार्यालयों में बैठाये रखना, देर रात तक मीटिंगों का आयोजन किया जाना, प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार सर्कल लैवल की मासिक ग्राहक सेवा समिति/आई टी स्टीरिंग समिति की बैठकों का आयोजन नहीं करना, कृषि अधिकारियों को अलग से कम्प्युटर उपलब्ध नहीं करवाना तथा उनसे दैनिक आधार पर प्रोग्रैस रिपोर्ट मांगना जबकि यह रिपोर्ट एमआईएस में उपलब्ध रहती है आदि के समाधान करवाने के लिए किया गया।

### गोसेवा को समर्पित प्रभात फेरियों का आयोजन आज से : तनेजा

**पिहोवा।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व व गौसेवा को समर्पित प्रभात फेरियों का आयोजन 20 जून से 16 अगस्त तक किया जाएगा। इस कड़ी में पहली प्रभात फेरी शुक्रवार को मदन मित्तल परिवार की ओर से मॉडल टाउन, एल.आई. सी. कार्यालय के निकट होगी। यह जानकारी देते हुए श्री कृष्ण कृपा मंदिर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी भरत तनेजा ने बताया कि यह प्रभातफेरियां पूरी तरह से गौ सेवा को समर्पित होगी। इनके माध्यम से जो भी धनराशि प्राप्त होती है वह चारे व गौसेवा में खर्च की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रभातफेरियों का मकसद लोगों को भक्ति-भाव वगौसेवा से जोड़ना है। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के अग्रणी सेवादार देव पूर्णिमा ने बताया कि नगर में स्थित जिला कुरुक्षेत्र की इस सबसे बड़ी गौशाला में लगभग 1500 गाय पुण्य का लाभ दे रही हैं।



## बिजली उपभोक्ताओं के पास पहुंचे भारी भरकम राशि के बिल, देखकर लगा झटका

### *आरोप : भेजे गए बिल पहुंच से बाहर, उपभोक्ताओं में रोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपभोक्ताओं के पास अप्रैल व मई महीने के भारी भरकम राशि के बिल पहुंचे तो उपभोक्ता हैरान रह गए। भारी भरकम राशि के बिल आने से उपभोक्ताओं में रोष पनप गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली निगम ने इस बार बिजली के बिल भारी भरकम राशि के भेजे हैं जो उनकी पहुंच से बाहर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगता है कि बिजली के बिलों में कोई गड़बड़ है या जानबूझकर बिजली के बिल भेजे गए हैं। बिजली के बिल में बढ़ोतरी आने से बिजली उपभोक्ताओं में गुस्सा भी देखा जा रहा है। बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली निगम के अधिकारियों से गुहार लगाई है कि भारी भरकम राशि के भेजे गए बिलों को तुरंत ठीक कराया जाए ताकि वे बिलों की अदायगी कर सकें। बता दें कि इस बार बिजली निगम ने बिजली उपभोक्ताओं के पास अप्रैल व मई माह के बिजली के बिल भेजे गए हैं वह भारी भरकम राशि के बिल हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनके पास 8000 रुपये से लेकर 15000 रुपये तक के बिजली के बिल भेजे गए हैं जबकि कई उपभोक्ताओं के पास बिजली की इतनी खपत भी नहीं है लेकिन उसके बावजूद भी उपभोक्ताओं के पास भारी भरकम राशि के बिल भेजे गए हैं। वहीं यह भी देखने में आ रहा है जिन उपभोक्ताओं के घरों में एयर कंडीशनर लगे हुए हैं उन लोगों के पास भी पहले की अपेक्षा कई गुना बिजली के बिल भेजे गए हैं। इन उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनके पास पिछले महीने की अपेक्षा अबकी बार ज्यादा राशि के बिल भेजे गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने एसी एक जून से चलाए थे लेकिन 15 दिनों में ही एसी का बिल कैसे आ गया।

### बिजली के रेटों का टैरिफ में किया बदलाव

इस बारे में जब बिजली निगम झांसा रोड सब डिविजन नंबर 1 के उपमंडल अधिकारी अमित कुमार से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया कि एचआरसी ने अप्रैल महीने से बिजली के रेटों का टैरिफ में बदलाव किया गया है। जिसके कारण ही उपभोक्ताओं के पास अबकी बार बढे हुए बिजली के बिल पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि समय समय पर टेरिफ में बदलाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उपभोक्ता बिजली के बिल में गड़बड़ी की शिकायत करता है तो वह विभागीय अधिकारियों के पास आकर इसकी शिकायत दे सकता है। शिकायत की जांच कराई जाएगी।

**स्वास्थ्य** | 428 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य एवं निःशुल्क टेस्ट किए गए

## हर किसी को करवाना चाहिए हार्ट का रूटिन चेकअप : डॉ. गौरव अग्रवाल

*एमएसजी डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुवार को कैथल मार्ग पर स्थित एमएसजी डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र मे स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 428 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई व मरीजों के निशुल्क टेस्ट किए गए। इस दौरान शाह सतनाम जी स्पैशलिटी अस्पताल सिरसा के डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान एमडी मेडिसिन डा. गौरव अग्रवाल, डीएम कॉर्डियोलॉजी डा. अवतार सिंह, मेडिकल ऑफिसर डा. संदीप बाधू व डा. प्रदीप ने अपनी टीम के साथ अपनी सेवाएं दीं। डेरा सच्चा सौदा के 85 मैंबर प्रवीण, कृष्ण, सुरेंद्र शर्मा व बाबा रामदास ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान 428 मरीजों ने अपने टेस्ट करवाए व चिकित्सकों से चैकअप करवाया। यह शिविर निशुल्क लगाया गया। डा. गौरव अग्रवाल ने मरीजों को जागरूक करते हुए कहा कि दिल कि युवा अवस्था से ही रूटिन दिल के टेस्ट करवाने चाहिए ताकि हार्ट ब्लॉकेज की दिक्कत न आए और कोई दिक्कत आती है तो उसका सॉन्यूशन हो सके। उन्होने कहा कि आज जागरूकता शिविर इसलिए ही लगाया गया है ताकि शुरूआती स्टेज पर कोई हार्ट से संबंधित दिक्कत हो रही है तो उसे कंट्रोल किया जा सके। शुगर के मरीजों को भी धीरे धीरे हार्ट की दिक्कत हो जाती है, ऐसे मे जरूरी है कि शुरूआती स्टेज से ही चेकअप करवाते रहें। डा. अमर सिंह ने कहा कि हृदय रोगों के प्रति चैकअप कैंप आज लगाया गया है। जिनका पहले से ईलाज चल रहा है, जिन मरीजों की फैमिली हिस्ट्री ऐसी है या फिर जिनकी छाती मे भारीपन रहता है। ऐसे मरीजों को परामर्श दिया गया है।


कुरुक्षेत्र। मरीज का चैकअप करते डा. गौरव अग्रवाल।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रवीण खासपुर, राजेश अग्रवाल, निर्मल सिंह, रायसिंह सैनी, रघुबीर सिंह, बृजलाल, संतलाल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



बराड़ा। पौधरोपण करती कॉलेज छात्राएं।

### योग दिवस को लेकर छात्राओं ने किया पौधरोपण

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेजमें 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस सैल द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी के नेतृत्व में कॉलेज प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर डॉ. दलजीत कौर विर्क ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि मानव जीवन को भी स्वस्थ और समृद्ध बनाते हैं।

### चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी पीयूष उर्फ थप्पू व सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। बीच की डिग्गी एरिया के रहने वाले चरण सिंह ने 18 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर से पानी की मोटर चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने गांव सिरसगढ़ के रवि कुमार को काबू किया है। काकरकुंडा के रहने वाले अनिल कुमार ने 18 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बाबा बालक नाथ मंदिर के पास से किसी आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुरप्रीत सिंह व साहिब सिंह उर्फ राजबीर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। मोहिंद्र नगर के रहने वाले हरप्रीत सिंह ने 25 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर से सोना जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### जन औषधि केंद्र पर सस्ती मिलती हैं दवाइयां

**कुरुक्षेत्र।** पीएम जन औषधी केंद्र के संचालक विक्रांत प्रभाकर ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत कुरुक्षेत्र के अनुभव से सीखो कार्यक्रम के तहत युवाओं ने जन औषधि केंद्रों पर किफायती दामों में गुणवत्तापूर्ण दवाइयां पर मिलती हैं। उन्होंने कहा कि जन औषधि योजना या आम जनता के लिए दवा योजना की शुरूआत नवंबर 2008 में हुई थी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासन की ओर से मैराथन का हुआ आयोजन

# योग मैराथन में युवाओं ने दिखाया दम एसडीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना



अंबाला। मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम व हिस्सा लेते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत वीरवार को जिला प्रशासन व आयुष विभाग के सौजन्य से हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक से योग मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राजबीर रंगा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है।

योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से भी बच सकते हैं। योग मैराथन में एचएपी बटालियन के जवान, जिला पुलिस, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधियों व सदस्यों ने इसमें भाग लेकर योग की महत्वता के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया। विद्यार्थियों व खिलाडियों ने हाथों में पट्टिकाएं जिसमें योग है अनिवार्य बाकी सब बेकार, योग लाएगा स्वास्थ्य का राज, इसे धारण करने से स्वस्थ बनेगा समाज, ना कोई कष्ट न कोई रोग जब जीवन में होगा योग इत्यादि के माध्यम से योग से जुडने बारे संदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पहले से ही बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी जगहों पर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा ताकि 21 जून को मनाए जाने वाले कार्यक्रम के तहत सभी तैयारियों बारे जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रोटोकोल के तहत आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से उपस्थित सभी को योग की महत्वता बारे जागरूक करेंगे। आयोजित योग मैराथन हर्बल पार्क अंबाला शहर से शुरू होकर पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस, शौर्य चौक, पुलिस लाईन, सेशन हाउस, ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए हर्बल चौक पर आकर संपन्न हुई। मैराथन में शामिल प्रतिभोगियों में काफी उत्साह था। पुलिस के जवानों के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों, खिलाडियों व अन्य ने शामिल होकर सभी को योग से जुडने बारे प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. नरेश, संदीप मलिक, कोच राम, एसएचओ बलदेवनगर रमेश कुमार के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## योग करते समय अलग-अलग रंगों की किरणों का होता है अहसास


अंबाला। योग दिवस पर मौजूद बीके बहनें व अन्य।

**अंबाला।** अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब व आयुष विभाग के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांझा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सभी अतिथियों का मंच पर अभिवादन किया गया। बहनों ने सभी अतिथि गणों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। आयुष विभाग की एएमओ डॉ. समिधा शर्मा ने यहां सभी श्रोताओं को योग करवाया। बताया कि हमारा शारीरिक व मानसिक, अध्यात्मिक व सामाजिक स्वास्थ्य स्वयं का अहसास ये सभी इस योग की कला को समझने से ही संभव हैं। राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा जब हम योग करते हैं तो उसमें अलग-अलग रंगों की किरणों को स्वयं पर पड़ते हुए महसूस करते हैं जिससे हमारे अंदर अनंत शक्ति का प्रवाह होता है। हम अनुभव करेंगे कि परमात्मा हमारी हर बात सुन रहा है और हमें जीवन में आने वाली सभी परिस्थितियों के लिए मजबूत बना रहे हैं। हम जागृत होकर महसूस करें उस एनर्जी को जो हमें परमात्मा से मिली है वह बहुत दूर तक फैल रही है उसका दायरा बढ़ता जा रहा है और इस पॉजिटिविटी को बढ़ाते हुए हम पूरे विश्व को बदल सकते हैं। इसके बाद बीके शैली दीदी ने मेडिटेशन द्वारा एक डीप साइलेंस का अनुभव कराया। सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि हम आत्मा जब अपने इस देह को भूल कर अपने अंदर आत्मा को देखते हैं तो उस आत्मा के अंदर हमें परमात्मा की शक्ति का प्रकाश दिखाई देता है।


अंबाला। इनेलो की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

## इनेलो की कार्यकारिणी का विस्तार, जगमाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

- हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहड़ी की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल ने संगठन को मजबूत बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा की अध्यक्षता में हल्का अंबाला शहर में इनेलो की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें इनेलो संगठन के विस्तार और संगठन में कार्यकर्ता की भागीदारी एवं जिम्मेदारी निश्चित की गई। बैठक के दौरान अंबाला शहर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे गांव-गांव, गली-गली तक इनेलो की विचारधारा को पहुंचाएंगे और आने वाले चुनाव में हरियाणा में इनेलो की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

अंबाला संगठन की यह एकजुटता और जोश, प्रदेश में परिवर्तन की मजबूत नींव साबित होगी।इनेलो हल्का कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया।

**बैठक में ये रहे**

*बैठक में प्रदेश महासचिव शीशपाल जंधेड़ी, जिला अध्यक्ष जगमाल सिंह रोलों प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरदर्शन सिंह लाली, शमशेर सिंह फ़ज़ैलपुर,शशि केसरी, बलजिंदर सिंह सद्दोपुर,रीटा केसरी, जंगवीर राणा,लक्की नंगोली, इक़बाल बाजवा,निर्मल सिंह लौटां,मास्टर रजनीश, बलजीत भानोखेड़ी भी मौजूद रहे।*

प्रदेश अध्यक्ष माजरा द्वारा बैठक में हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहडी की अनुशंसा पर हल्का अंबाला शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों जगमाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जीत सिंह, हरविंदर सिंह, चमन लाल, अंग्रेज सिंह, चतन सिंह, रामजीत, शेषपाल को उपाध्यक्ष, जगदेव सिंह को प्रधान महासचिव, गुरचरण सिंह, जरनैल सिंह, अमरजीत सिंह, हरविंदर सिंह, देवराज, गुरमीत सिंह, राजकुमार को महासचिव, दर्शन सिंह को संगठन सचिव, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, जंगशेर, मेजर सिंह, स्वर्ण सिंह, दलजीत सिंह को सचिव, रविंदर कुमार को कोषाध्यक्ष, गुरजीत शर्मा को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया।

# जनता को मूर्ख बनाना बंद करें मेयर बुनियादी सुविधाएं करवाएं उपलब्ध

- निगम सदस्य मेघा गोयल ने मेयर की कार्यशैली पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। निगम सदस्य मेघा गोयल।

अंबाला शहर के वार्ड नंबर 9 की कांग्रेस सदस्य मेघा गोयल ने मेयर शैलजा सचदेवा की कार्यशैली पर फिर सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि निगम द्वारा 4000 एलईडी लाइटों की खरीद की गई थी। 1000 रुपये प्रति लाइट की खरीद गई थी। सभी वार्ड में कुछ लाइटें लगवाई गई थी जिन पर कुल खर्च चालीस लाख आया। उन्होंने कहा कि उस समय भी भाजपा की सरकार थी। अब जब मेयर भी भाजपा की है और तकरीबन सभी सदस्य भी भाजपा के हैं तो 24000 एलईडी लाइटों के लिए 17 करोड़ का बजट पास कर 2024 में ही लाइटें खरीद ली गई थी। बिल भी पास कर दिया गया। साथ ही उन लाइटों पर मिली एक साल की गारंटी भी खत्म हो गई है। एक साल से ऊपर होने के बावजूद ये लाइटें अभी तक वार्डों में नहीं लगी। उन्होंने इस बात पर कड़ा ऐतराज जताया कि मेयर शैलजा बोल रही है कि पहले लाइटों की जांच हो फिर इन्हें लगाया जाएगा। मेघा ने कहा कि मेयर सरकार की आड़ में सिर्फ जनता का मूर्ख बनाने का काम कर रही हैं। जानता के खून पसीने के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में अभी तक हुए घोटालों में पुख्ता सबूत मिलने के बावजूद किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि जानता का मूर्ख बनाना बंद करो। जानता को निगम द्वारा दी जाने वाली मूल भूत सविधाओं लाइट और सफाई समेत दूसरी सुविधाएं उपलबध करवाई जाएं। सफाई का ठेका देकर कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जाए। अब आरोप प्रत्यारोप लगाने का समय नहीं है।

### 1.30 लाख रुपये में नगर निगम देगा प्लाट पोर्टल पर होगा आवेदन

**अंबाला।** नगर निगम ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लाट लेने के लिए विभाग की ओर से पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल 15 जुलाई तक खोला गया है। अब शहर के लोगों को प्लाट लेने के लिए विभाग के पोर्टल पर 10 हजार रुपये देकर पंजीकरण करवाना होगा। उसके बाद आवेदन करने वाले लोगों को प्लॉट मिलने की प्रक्रिया शुरू होगी। दरअसल, निगम की ओर से योजना के तहत 2023 में प्लाट देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। निगम की ओर से पहले प्लाट देने के लिए पोर्टल खोला गया था, लेकिन लोगों ने ऑनलाइन आवेदन करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। अब दोबारा से पोर्टल को खोला गया है। निगम की ओर से योजना के तहत 1 लाख में 30 वर्ग गज का प्लाट दिया जाएगा और उसके बाद मकान बनाने के लिए भी अढाई लाख रुपये में सब्सिडी पर जारी की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत मॉडल जेल चंडीगढ़ में आयोजित आउटडोर योग सत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जन-जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष आउटडोर योग अभ्यास सत्र का आयोजन मॉडल जेल, चंडीगढ़ में किया गया। यह आयोजन दिनांक 18 जून 2025, बुधवार को ‘योग से सुधार, जीवन में बदलाव’ की भावना के तहत संपन्न हुआ।

इस वर्ष की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस सत्र में कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत जेल के कैदियों को योगाभ्यास कराया गया, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय योग संघ के सहयोग से किया गया तथा इसे टीम एनआईए पंचकूला के डॉ. गौरव कुमार गर्ग (आईवाईडी समन्वयक), प्रो. प्रहलाद रघु, और डॉ. सुनीता यादव ने कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम की संकल्पना और मार्गदर्शन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, डीन प्रोफेसर गुलाब पमनानी (अकादमिक एवं प्रशासनिक), और डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व के नेतृत्व में किया गया।



### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने मनाया योग अभ्यास सत्र

**पंचकूला।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा 21 जून 2025 को प्रस्तावित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, दिनांक 19 जून 2025 को प्रातः 6:15 बजे से 8:00 बजे तक 'सामान्य योग प्रोटोकॉल' अभ्यास सत्र का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस सत्र के प्रशिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, महासचिव, भारतीय योग संघ, चंडीगढ़ से रहे। योग प्रोटोकॉल का सजीव प्रदर्शन संस्थान के छात्रों — सुश्री तीशा ढल, सुश्री अनामिका शर्मा, श्री श्याम शुक्ला,श्री दीक्षांश ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, डीन (अकादमिक एवं प्रशासनिक) प्रोफेसर गुलाब पमनानी, डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने की। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक डॉ. गौरव गर्ग, सदस्य सचिव डॉ. आकांक्षा राणा, संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्रगण इस योग सत्र में शामिल हुए।

## जलशक्ति की टीम ने बिलासपुर व भूरेवाला में बनाए गए चेक डैम का किया मुआयना

- जांच टीम ने अधिकारियों ने मांगी विस्तार से रिपोर्ट, जांच के बाद जरुरी निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


नारायणगढ। चेक डैम का निरीक्षण करती जांच टीम।

केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त की गई जलशक्ति की टीम ने यहां कई तालाबों का मुआयना किया। जांच टीम में वित्त मंत्रालय के निदेशक अमन गर्ग, निदेशक व मुख्य वैज्ञानिक नेमा अख्तर भी शामिल रही।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की शाखा भूमि संरक्षण द्वारा पिछले वर्ष व इस वित्तीय वर्ष में करवाए गए भूमि संरक्षण कार्यों का जांच टीम ने अवलोकन किया। कार्यों के निरीक्षण के दौरान संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता-कम-नोडल अधिकारी, (जलशक्ति) सिंचाई विभाग, अकिंत कुमार अत्री, मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने करवाए गए कार्यों की रिपोर्ट टीम के सम्मुख प्रस्तुत की गई। उसके उपरांत गांव बिलासपुर बनाए गए कलवर्ट-कम-चेक डैम, गांव भूरेवाला में अर्धन गलीप्लग व कलवर्ट-कम-चेक डैम का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ-2 जांच टीम ने भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, नारायणगढ़ की कार्यविधि तथा बाद दोपहर गांव समलेहड़ी की अमरी नदी में करवाए गए डैम का भी निरीक्षण किया।


बराड़ा। निरीक्षण करते हुए नपा चेयरमैन।

## जलभराव की वजह से उगी जलकुंभी चेयरमैन ने समाधान के निर्देश दिए

**बराड़ा।** नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने बुधवार को वार्ड नंबर 5 और 6 में जलभराव की समस्या को मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर भंवर सिंह के साथ नाले की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर ही सुधार कार्यों के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गत दिवस चेयरमैन मलिक के संज्ञान में आया था कि वार्ड 5 और 6 में नाले से रिसाव होने के कारण खाली प्लॉटों में पानी भर गया है। इसमें जलकुंभी उग आई है। इससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चेयरमैन मलिक ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।


अंबाला। अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

## अश्लील संदेशों के साथ युवती का मोबाइल नंबर वायरल, डीएसपी को केस दर्ज करने के निर्देश

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी की एक युवती ने विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उनके घर के पास ही रहने वाले वाले युवक ने उसका मोबाइल नंबर कुछ अश्लील मैसजों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसका आरोप था कि युवक द्वारा जानबूझकर उसे बदनाम करने की नीयत से ऐसा किया गया है। मंत्री अनिल विज ने मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार को इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वशिष्ठ नगर से आई महिला ने शिकायत देकर कहा कि घर की पुश्तैनी जमीन बेचने को लेकर उनका सौदा हुआ था। मगर इस उससे अभी तक अपने हिस्से के 16 लाख रुपए नहीं मिले हैं।

## मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिए परीक्षा को लेकर जरुरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

# सीईटी परीक्षा के लिए 13.50 लाख युवाओं ने किया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से सीईटी की लिखित परीक्षा को लेकर उपायुक्त से की गई व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि सीईटी की एक महीने के बाद लिखित परीक्षा प्रस्तावित है।

इसके तहत हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के तहत जो सेंटर चिह्नित किए गए हैं उन में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त होनी चाहिए ताकि सभी जगहों पर परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके। प्रदेश में इस परीक्षा को लेकर 13.50 लाख अभ्यार्थियों



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

पंजीकरण करवाया है। इस परीक्षा के लिए करीब 1684 परीक्षा केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। अभ्यार्थियों की संख्या को देखते हुए यह परीक्षा दो या तीन दिन करवाई जा सकती है।

यह परीक्षा 4 से 6 चरणों में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने जिलों के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में इस परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों की सूची कमीशन को उपलब्ध करवा दी गई है। जिला शिक्षा विभाग के सौजन्य से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी करवा दिया गया है। सभी व्यवस्थाएं वहां पर दुरूस्त हैं। वीसी के दौरान जो दिश-निर्देश मिले है उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य को निर्देश दिए कि जो भी परीक्षा के दृष्टिगत हिदायतें होगी उसकी अनुपालना के तहत परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।